भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3541

13 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आंध्र प्रदेश में पीएम-एबीएचआईएम का कार्यान्वयन

†3541. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डीः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने आंध्र प्रदेश में पीएम-एबीएचआईएम योजना के कार्यान्वयन के संबंध में कोई अध्ययन/सर्वेक्षण किया है;
(ख) यदि हां, तो आंध्र प्रदेश, विशेषकर नेल्लोर जिले में प्रस्तावित, निर्माणाधीन और वर्तमान में कार्यशील ग्रामीण स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों की सूची का ब्यौरा क्या है;
(ग) उक्त राज्य में जिला-वार और नेल्लोर जिले में प्रस्तावित, निर्माणाधीन और वर्तमान में कार्यशील जन स्वास्थ्य इकाइयों की सूची का ब्यौरा क्या है;
(घ) उक्त राज्य में जिला-वार और नेल्लोर जिले में प्रस्तावित, निर्माणाधीन और वर्तमान में कार्यशील एकीकृत जन स्वास्थ्य अस्पतालों की सूची का ब्यौरा क्या है;
(ङ) उक्त राज्य में जिला-वार और नेल्लोर जिले में प्रस्तावित, निर्माणाधीन और वर्तमान में कार्यशील क्रिटिकल केयर अस्पताल ब्लॉकों की सूची का ब्यौरा क्या है;
(च) एकीकृत स्वास्थ्य सूचना पोर्टल प्रणाली के विस्तार का ब्यौरा क्या है और क्या इसके अंतर्गत उक्त राज्य के सभी चिकित्सा संस्थान शामिल हैं; और
(छ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (छ): प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) एक केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) है, जिसमें कुछ केंद्रीय क्षेत्र घटक (सीएस) शामिल हैं और इस योजना अवधि (वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2025-26) के लिए इसका परिव्यय 64,180 करोड़ रुपये है।

यह योजना स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी और जन स्वास्थ्य संबंधी कार्यों, जिसमें स्वास्थ्य अनुसंधान भी शामिल है, को एकीकृत और मजबूत करने के लिए नई पीढ़ी के सुधारों की परिकल्पना करती है ताकि समुदाय ऐसी महामारियों या स्वास्थ्य संकटों के प्रबंधन में आत्मनिर्भर बन सकें। इस योजना के अंतर्गत किए गए उपायों का उद्देश्य स्वास्थ्य प्रणालियों और संस्थाओं को सुदृढ़ करना है ताकि प्राथमिक, माध्यमिक और विशिष्ट सभी स्तरों पर निरंतर परिचर्या प्रदान की जा सके, साथ ही स्वास्थ्य प्रणालियों को वर्तमान और भविष्य की महामारियों और आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए तैयार किया जा सके।

पीएम- एबीएचआईएम के सीएसएस घटक के तहत, आंध्र प्रदेश राज्य को पांच वर्षों (वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2025-26) की अवधि के लिए 1118.80 करोड़ रुपये की राशि के लिए प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान किया गया है। यह अनुमोदन राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार 696 भवनरहित उप स्वास्थ्य केंद्र-आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (एसएचसी-एएएम), 45 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (यू-एएएम)/स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र (एचडब्ल्यूसी), 26 एकीकृत जन स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं (आईपीएचएल) और 24 क्रिटिकल केयर ब्लॉकों (सीसीबी) के निर्माण/सुदृढ़ीकरण के लिए है। नेल्लोर जिले सहित आंध्र प्रदेश राज्य के लिए पीएम-एबीएचआईएम के तहत अनुमोदित अवसंरचना की जिला-वार सूची **अनुलग्नक** में दी गई है।

राज्य द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, पंद्रहवें वित्त आयोग (XV-एफसी) के स्वास्थ्य अनुदान के तहत आंध्र प्रदेश में कुल 436 ब्लॉक जन स्वास्थ्य इकाइयों (बीपीएचयू) का प्रस्ताव किया गया है, जिनमें से एसपीएसआर नेल्लोर जिले में 22 बीपीएचयू स्वीकृत की जा चुकी हैं।

राज्य द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, राज्य की सभी चिकित्सा संस्थाएं एकीकृत स्वास्थ्य सूचना मंच (आईएचआईपी) के अंतर्गत आती हैं। इनमें 19 शिक्षण अस्पताल, 11 जिला अस्पताल, 54 क्षेत्रीय अस्पताल, 171 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 1162 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 558 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 14,999 ग्रामीण और शहरी स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र और 1,778 निजी संस्थाएं शामिल हैं।

******

अनुलग्नक

आंध्र प्रदेश राज्य के लिए पीएम- एबीएचआईएम के तहत अनुमोदित अवसंरचना की जिलावार सूची

क्र.सं.	ज़िला	कुल स्वास्थ्य कल्याण केंद्र	आईपीएचएल सुविधा	सीसीबी सुविधा	सीसीबी बेड
1	अल्लूरी सीताराम राजू	119	एएच अराकू	जीएमसी पडेरू	50
2	अनकपल्ली	9	डीएच अनकापल्ली	डीएच अनकापल्ली	50
3	अनंतपुर	24	एएच गुंटकल	जीएमसी अनंतपुर	50
4	अन्नमय	17	एएच रायचोटी	एएच रायचोटी	50
5	बापतला	10	एएच चिराला	एएच चिराला	50
6	चित्तूर	3	एएच पालमनेर	—	—
7	पूर्वी गोदावरी	15	एएच अनापर्थी	जीएमसी राजामहेंद्रवरम	50
8	एलुरु	33	एएच जंगारेड्डीगुडेम	जीएमसी एलुरु	50
9	गुंटूर	13	डीएच तेनाली	डीएच तेनाली	100
10	काकीनाडा	15	एएच टुनी	आरएमसी काकीनाडा	50
11	डॉ. बी.आर. अम्बेडकर कोनसीमा	9	एएच रामचंद्रपुरम	—	—
12	कृष्ण	26	एएच गुडीवाड़ा	जीएमसी मछलीपट्टनम	50
13	कुरनूल	30	एएच येम्मिगानुर	कुरनूल एमसी	50
14	नंदयाल	51	एएच बंगनापल्ली	जीएमसी नंदयाल	50
15	एन.एम.एल.	15	एएच नंदीगामा	सिद्धार्थ एमसी	50
16	पालनाडू	24	एएच नरसारावपेटा	एएच नरसारावपेटा	75

17	पार्वतीपुरम मान्यम	132	एएच सीतामपेटा	एएच पालकोंडा	50
18	प्रकाशम	32	एएच गिद्दलूर	जीएमसी ओंगोल	50
19	एसपीएसआर नेल्लोर	**14**	**डीएच आत्मकर**	**एसीएसआर जीएमसी नेल्लोर**	**50**
20	श्री सत्य साई	10	डीएच हिंदूपुर	डीएच हिंदूपुर	50
21	श्रीकाकुलम	61	डीएच टेक्काली	जीएमसी श्रीकाकुलम	50
22	तिरुपति	8	एएच गुडुर	श्री वेंकटेश्वर एम सी	50
23	विशाखापत्तनम	0	एएच अगनमपुडी	आंध्र एमसी	50
24	विजयनगरम	5	एएच राजम	जीएमसी विजयनगरम	50
25	पश्चिमी गोदावरी	12	एएच ताडेपल्लीगुडेम	एएच भीमावरम	50
26	वाईएसआर कडपा	9	डीएचप्रोडूटर	जीएमसी कडप्पा	50
	कुल योग	**696**	**26 आईपीएचएल**	**24 सीसीबी**	

नोट: एसपीएसआर नेल्लोर जिले में 14 एचडब्ल्यूसी, 1 आईपीएचएल (डीएच आत्मकर) और 1 सीसीबी (एसीएसआर जीएमसी नेल्लोर में 50 बिस्तर) हैं।

******